शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग
MINISTRY OF
EDUCATION
Department of School Education & Literacy

सत्यमेव जयते

विद्ययाऽमृतमश्नुते
एन सी ई आर टी
NCERT

पीएम ई-विद्या

स्कूली शिक्षा के लिए
200 डीटीएच टीवी चैनल
डीडी फ्री डिश, डिश टीवी,
पीएम ईविद्या मोबाइल एप,
वेव्स ओटीटी और
जियो टीवी ऐप पर उपलब्ध

eVidya

Web Page

Mobile App

Android

iOS

डीटीएच टीवी चैनल के माध्यम से सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा

हिंदी, अंग्रेजी, भारतीय सांकेतिक भाषा और विभिन्न भारतीय भाषाओं में उपलब्ध

24x7 प्रसारण

परिचय:

पीएम ई-विद्या शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग के तहत एक व्यापक पहल है। सभी डिजिटल/ऑनलाइन/ऑन-एयर शिक्षा प्रयासों को एकीकृत करने के लिए इसे 17 मई 2020 को आत्मनिर्भर भारत अभियान के हिस्से के रूप में प्रारम्भ किया गया था। पीएम ई-विद्या देश भर में 26 करोड़ से अधिक स्कूल जाने वाले बच्चों को लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से शिक्षा प्राप्त करने के लिए बहु विकल्प प्रदान करता है।

पीएम ई-विद्या 200 डीटीएच टीवी चैनल

1 फरवरी, 2022 को बजट भाषण में, भारत सरकार द्वारा स्कूल और शिक्षक शिक्षा के लिए 200 पीएम ई-विद्या डीटीएच टीवी चैनलों की घोषणा की गयी, जिन्हें औपचारिक रूप से 9 मार्च 2024 को माननीय शिक्षा मंत्री, भारत सरकार द्वारा लॉन्च किया गया । इन चैनलों का लक्ष्य राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के पाठ्यक्रम के आधार पर विभिन्न भारतीय भाषाओं में शिक्षार्थियों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करना है। स्कूली शिक्षा के लिए पीएम ई-विद्या डीटीएच टीवी चैनल को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के पाँच प्रमुख सिद्धांतों अर्थात शिक्षा में पहुँच, समानता, गुणवत्ता, किफायती और उत्तरदायित्वता को प्राप्त करने के लिए तैयार किए गए हैं।

अभिगम्यता

पीएम ई-विद्या डीटीएच टीवी चैनल देश के हर शिक्षार्थियों तक गुणवत्तापूर्ण ई-सामग्री पहुँचाने में सक्षम बनाते हैं ।

समता

पीएम ई-विद्या डीटीएच टीवी चैनल देश के शिक्षार्थियों की विविधता को ध्यान में रखते हुए हिंदी, अंग्रेजी, भारतीय सांकेतिक भाषा और अन्य भारतीय भाषाओं में वीडियो सामग्री प्रसारित करते हैं।

गुणवत्ता

पीएम ई-विद्या डीटीएच टीवी चैनल एनसीईआरटी, राज्य स्तरीय पाठ्यचर्या पर आधारित गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक वीडियो कार्यक्रम प्रसारित करते हैं जिसमें पठन-पाठन एवं तकनीक का उपयुक्त सम्मिलन है।

वहनीयता

पीएम ई-विद्या डीटीएच टीवी चैनलों को डीडी फ्री डिश/डिश टीवी के माध्यम से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है और साथ ही यह पीएम ईविद्या मोबाइल ऐप, वेव्स ओटीटी, जियो टीवी ऐप और यूट्यूब पर भी उपलब्ध है।

जवाबदेही

पीएम ई-विद्या डीटीएच टीवी चैनलों पर प्रसारित शैक्षिक कार्यक्रमों की गुणवत्ता मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की जाती है।

पीएम ई-विद्या डीटीएच टीवी चैनलों की विशेषताएँ

स्कूलों के शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार दैनिक नए कार्यक्रम

मल्टी-मॉडल एक्सेस - पाठ्यचर्या संबंधी वीडियो दीक्षा, डीडी फ्री डिश, डिश टीवी, यूट्यूब पीएम ईविद्या मोबाइल एप, वेव्स ओटीटी और जियो टीवी ऐप पर भी उपलब्ध

स्कूली शिक्षा, शिक्षक शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा और प्रौढ़ शिक्षा पर कार्यक्रम उपलब्ध

प्रश्नों को प्राप्त करने और उनका उत्तर देने के लिए कक्षावार समर्पित ईमेल आईडी/आईवीआरएस के माध्यम से मल्टी-मॉडल फीडबैक तंत्र

शिक्षार्थियों के समग्र विकास के लिए सह-पाठ्यचर्या/सामान्य कार्यक्रम

कार्यक्रम हिंदी, अंग्रेजी, भारतीय सांकेतिक भाषा और अन्य भारतीय भाषाओं में उपलब्ध

सभी 200 पीएम ई-विद्या डीटीएच टीवी चैनलों का एक साथ प्रसारण यूट्यूब पर भी उपलब्ध

अधिक जानकारी के लिए वेब पोर्टल : https://ciet.nic.in/pages.php?id=pmevidya&ln=en

200 पीएम ई-विद्या डीटीएच टीवी चैनलों की आवंटन - सूची

राज्यों के लिए
142
डीटीएच टीवी चैनल

संघ राज्यों के लिए
15
डीटीएच टीवी चैनल

स्वायत्त निकायों के लिए
31
डीटीएच टीवी चैनल

200 डीटीएच टीवी चैनल तक कैसे पहुँचे

Set Parameter

'डीडी पीएम ई-विद्या' चैनल पैरामीटर

DD PM eVIDYA Channel 1-40	
Receive Parameter	Value
Satellite / Orbital Position	GSAT-15 / 93.5 ° East
Modulation	8 PSK / DVB-S2
Rx Frequency	10970 MHz
Polarization	Vertical
Symbol Rate	29500 KSPS
FEC	3/4

DD PM eVIDYA Channel 41-80	
Receive Parameter	Value
Satellite / Orbital Position	GSAT-15 / 93.5 ° East
Modulation	8 PSK / DVB-S2
Rx Frequency	11010 MHz
Polarization	Vertical
Symbol Rate	29500 KSPS
FEC	3/4

DD PM eVIDYA Channel 81-120	
Receive Parameter	Value
Satellite / Orbital Position	GSAT-15 / 93.5 ° East
Modulation	8 PSK / DVB-S2
Rx Frequency	11130 MHz
Polarization	Vertical
Symbol Rate	29500 KSPS
FEC	3/4

DD PM eVIDYA Channel 121-160	
Receive Parameter	Value
Satellite / Orbital Position	GSAT-15 / 93.5 ° East
Modulation	8 PSK / DVB-S2
Rx Frequency	11590 MHz
Polarization	Vertical
Symbol Rate	29500 KSPS
FEC	3/4

DD PM eVIDYA Channel 161-200	
Receive Parameter	Value
Satellite / Orbital Position	GSAT-15 / 93.5 ° East
Modulation	8 PSK / DVB-S2
Rx Frequency	11670 MHz
Polarization	Vertical
Symbol Rate	29500 KSPS
FEC	3/4

केन्द्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान (सीआईईटी)
राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् (एनसीईआरटी)
श्री अरविंदो मार्ग, नई दिल्ली – 110016

Tel.: 011-26962580, Fax : +91 112686 4141
Email: evidya@ciet.nic.in, jdciet.ncert@nic.in, jointdirector@ciet.nic.in
ncert.nic.in | ciet.ncert.gov.in
PM eVidya IVRS : #8800440559 | MANODARPAN IVRS : #844 844 0632